देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 52 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**
महंगा है सौदा?



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 26 मई 2022



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 22.0°

42243.40

2 रूस-चीन ने भेजा परमाणु बॉम्बर

7 अब किलर बने डेविड मिलर

# साहसिक खेलों से खुलेंगे पर्यटन के द्वार: सीएम

## व्यास घाटी के केंद्र बिंदु में पहली बार आयोजित माउंटेन साइकिल रैली का शुभारंभ

**संवाददाता**

गुंजी (पिथौरागढ़)। चीन और नेपाल सीमा पर स्थित 11 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित व्यास घाटी के केंद्र बिंदु में पहली बार आयोजित माउंटेन साइकिल रैली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उच्च हिमालय में साहसिक खेल पर्यटन के द्वार खोलेंगे। यह क्षेत्र धार्मिक एवं साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में अतंरराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाएगा। सीमांत में चहल पहल रहेगी।

**बढ़ेंगे रोजगार के अवसर:** साइकिल यात्रा का शुभांरभ अवसर पर कहा कि सीमा छोर में आयोजित यह कार्यक्रम इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय ख्याति देने वाला है। होमस्टे, टैक्सी, होटल, ढाबे और गाइड की आय में बढ़ोतरी होगी। सीमा पर यह चहल पहल अति महत्वपूर्ण है।



### 75 तिरंगे से बढ़ी शोभा

बुधवार को मुख्यमंत्री धामी आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर उच्च हिमालय में आयोजित टूर टू दि आदि कैलास साइकिल यात्रा का शुभारंभ करने गुंजी पहुंचे। चोटियों पर हुए ताजा हिमपात से चमक रही चोटियों के बीच स्थित मनीला मैदान में 75 तिरंगे झंडों से शोभायमान हो रहा था। पहली बार चीन सीमा से लगे इस क्षेत्र में आयोजित सबसे बड़े कार्यक्रम को लेकर भारी संख्या में सीमांत के लोग जुटे थे।

**मोदी का आभार जताया:** उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से सीमा पर सड़क सम्पर्क हो सका है। उनके प्रयास से ही आज चीन सीमा तक सड़क बनी है और आवाजाही हो रही है। भारतमाला जैसी परियोजना चला कर सीमा क्षेत्रों को प्रधानमंत्री ने सड़कों की सौगात दी है। उन्होंने प्रदेश की चीन सीमा से लगे क्षेत्रों तक सड़क निर्माण के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया।

**डीएम को दी शाबाशी:** गुंजी में टूर द आदि कैलास के तहत साइकिल रैली के आयोजन के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने संबोधन में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान की तारीफ कर शाबाशी दी। कहा कि डीएम का यह प्रयास सीमांत क्षेत्र के विकास के लिए नये मार्ग खोलेगा। सरकार सीमांत के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।



### जवानों में भरा जोश

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सीमा पर तैनात सेना, आइटीबीपी, एसएसबी के जवानों का हौसला बढ़ाया। इसके बाद साहसिक माउंटेन साइकिल रैली को हरी झंडी दिखा कर आदि कैलास और ओम पर्वत के लिए रवाना किया। राफिटंग दल को कुटी यांग्ती में राफिटंग के लिए रवाना हुआ। हरी झंडी दिखाने के दौरान गुंजी में भारत माता की जय और वंदेमातरम का घोष होता रहा। इस मौके पर ग्राम प्रधान गुंजी सुरेश गुंज्याल, डीएम डा. आशीष चौहान , डीएफओ कोको रोसे, एसडीएम धारचूला नंदन कुमार, एसएसबी के पाटिल राकेश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी , जनप्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीण,साइकिलिस्ट व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्ञानवापी मस्जिद केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुआ ट्रांसफर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाराणसी। ज्ञानवापी शृंगार गौरी प्रकरण में सिविल जज रवि कुमार दिवाकर की अदालत में भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान के नाम से मुकदमा दाखिल किया गया है। दोपहर दो बजे के बाद सुनवाई हुई तो ज्ञानवापी केस सिविल जज ने फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया। सिविल जज रवि दिवाकर ने नई याचिका को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजा है जिसकी सुनवाई के लिए 30 मई नई तिथि मुकर्रर कर दी गई है।

### कैप्टन अभिलाषा बराक बनीं काम्बैट एविएटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय सेना को आर्मी एविएशन कार्प्स के रूप में पहली महिला अधिकारी मिली है। कैप्टन अभिलाषा बराक यह कारनामा करने वाली पहली महिला बनी हैं। अभिलाषा ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा कर लिया है जिसके बाद कॉम्बैट एविएटर के रूप में उन्हें आर्मी एविएशन कॉर्प्स में शामिल किया गया है।

# टिहरी में गंगोत्री हाईवे पर बोलेरो खाई में गिरी

## छह लोगों की मौत, मरने वाले सभी युवा पश्चिम बंगाल के

**संवाददाता**

टिहरी। गंगोत्री राजमार्ग पर कंडीसौड़ तहसील के पास एक बोलेरो वाहन खाई में गिर गया। इस हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन में सवार सभी युवा पश्चिम बंगाल के थे।

**दोहपर साढ़े तीन बजे हुआ हादसा:** बुधवार दोपहर साढ़े तीन बजे एक बोलेरो वाहन चंबा से उत्तरकाशी की तरफ जा रहा था। कंडीसौड़ से पहले कोटी गाड में वाहन अनियंत्रित हो गया और पैराफीट तोड़ते हुए खाई में गिर गया।

**खाई में गिरते ही वाहन में लगी आग:** वाहन के खाई में गिरते ही उसमें आग लग गई। स्थानीय निवासियों ने वाहन खाई में गिरते हुए देखा तो वे मौके पर पहुंचे। उन्ह्होंने वाहन में लगी आग पानी डालकर बुझाई। साथ ही हादसे की सूचना प्रशासन को दी।



**छह लोगों की हुई मौत:** इस संबंध में तहसीलदार किशन सिंह महंत ने बताया कि वाहन में छह लोग सवार थे। इनमें पांच पुरुष और एक महिला शामिल हैं। तीन शव वाहन के अंदर ही थे, जो आग में जल गए हैं, जबकि तीन शव वाहन से बाहर पड़े थे। इस वाहन के साथ एक और वाहन चल रहा था। उसमें सवार लोगों को सूचना दे दी गई है। अभी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

**मरने वाले सभी युवा पश्चिम बंगाल के:** वाहन में सभी सवार युवा पश्चिम बंगाल के थे और उत्तरकाशी की किसी पहाड़ी पर ट्रैकिंग करने के लिए उत्तरकाशी जा रहे थे। बुधवार सुबह ये युवा दो वाहनों में रायवाला से उत्तरकाशी के लिए निकले थे।

# यासीन मलिक को हुई उम्रकैद की सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आतंकी फंडिंग के मामले में दोषी करार जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के अलगाववादी नेता यासीन मलिक को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दस लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए, इसके लिए सुरक्षा एजेंसियां कश्मीर घाटी में पैनी नजर बनाए हुए हैं। विशेष न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने यासीन को 19 मई को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत सभी आरोपों का दोषी ठहराया था। यासीन मलिक के केस की सुनवाई के चलते पटियाला हाउस कोर्ट के बाहर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है।

**मुझे यकीन है कि न्याय मिलेगा- निर्मल खन्ना:** अदालत के फैसले पर भारतीय वायुसेना अधिकारी रवि खन्ना की पत्नी निर्मल खन्ना ने कहा कि जजों ने जो सजा दी है, मैं उसका सम्मान करती हूं। वे बेहतर जानते हैं कि ऐसे मामले में क्या सजा दी जानी चाहिए। मुझे 100 फीसदी यकीन है कि मुझे न्याय मिलेगा। बता दें कि वायुसेना अधिकारी रवि खन्ना एक आतंकी हमले में शहीद हुए थे। इस हमले में भी यासीन मलिक आरोपी है।

### सजा

■जम्मू-कश्मीर में अलर्ट पर सुरक्षाबल

**यासीन मलिक के घर के बाहर माहौल तनावपूर्ण:** कश्मीर घाटी में यासीन मलिक के घर के बाहर भारी संख्या में समर्थक जुटे हैं, जोकि यासीन के समर्थन में नारेबाजी कर रहे हैं। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त है। ड्रोन से नजर रखी जा रही है। माहौल तनावपूर्ण है, पुलिस व अन्य सुरक्षाबल हालात पर नजर बनाए हुए हैं। उधर, कश्मीर में यासीन मलिक के घर के बाहर उसके समर्थकों ने नारेबाजी और पथराव किया है। जिन्हें तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले दागे।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# मैं कांग्रेस का नेता था, लेकिन अब नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के 11 सदस्यों का कार्यकाल चार जुलाई को समाप्त हो रहा है। इन 11 सीट के लिए दस जून को होने वाले चुनाव के लिए आज राज्यसभा के लिए सपा उम्मीदवार के तौर पर कांग्रेस नेता रहे कपिल सिब्बल ने नामांकन किया। इस दौरान उनके साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राम गोपाल यादव मौजूद रहे।

### कपिल सिब्बल ने सपा से राज्यसभा के लिए किया नामांकन

कपिल सिब्बल के बाद जावेद अली भी सपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने के लिए विधानभवन के सेंट्रल हाल में पहुंचे। इस दौरान उनके साथ प्रो. रामगोपाल यादव और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल मौजूद रहे। विधानभवन के सेंट्रल हाल में कपिल सिब्बल ने उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए नामांकन किया। नामांकन के बाद उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस का नेता था, लेकिन अब नहीं हूं। उन्होंने कहा कि मैंने सपा के समर्थन से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया है। मैं कांग्रेस की सदस्यता से 16 तारीख को इस्तीफा दे चुका हूं। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार भी जताया।

## न्यूज डायरी



### भारत में संस्थाओं पर हो रहा 'सुनियोजित हमला'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैंब्रिज (ब्रिटेन )। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि भारत में बोलने की इजाजत देने वाली संस्थाओं पर 'सुनियोजित हमला' हो रहा है। उन्होंने कहा कि बातचीत को बाधित किए जाने के कारण 'सरकार की नीतियों को गोपनीय तरीके से प्रभावित या नियंत्रित करने वाले प्रभावशाली लोग या एजेंसियां' देश में संवाद को नए तरीके से परिभाषित कर रही हैं। प्रतिष्ठित 'कैंब्रिज विश्वविद्यालय' के 'कॉर्पस क्रिस्टी कॉलेज' में सोमवार शाम आयोजित 'इंडिया एट 75' कार्यक्रम में राहुल ने छात्रों, विशेषकर भारतीय मूल के छात्रों के सवालों का जवाब दिया।
राहुल ने हिंदू राष्ट्रवाद, कांग्रेस पार्टी में गांधी परिवार की भूमिका और देश के लोगों को संगठित करने के प्रयासों जैसे व्यापक विषयों पर अपनी राय साझा की। विश्वविद्यालय में भारतीय मूल की शिक्षाविद डॉ. श्रुति कपिला के साथ बातचीत में राहुल ने उन सभी बिंदुओं को दोहराया, जिनका जिक्र उन्होंने पिछले सप्ताह एक सम्मेलन के दौरान किया था।

### बाइडन के एशिया दौरे से बौखलाया किम जोंग उन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सोल। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने बुधवार को पूर्वी सागर की ओर तीन बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के अपनी एशिया यात्रा को समाप्त करने के ठीक एक दिन बाद उत्त्तर कोरिया ने यह मिसाइल परीक्षण किया है। बाइडेन ने दक्षिण कोरिया और जापान के लिए अमेरिका की सुरक्षा प्रतिबद्धता को जाहिर किया था। योनहाप समाचार एजेंसी ने सूचना दी कि ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उसने प्योंगयांग के सुनन क्षेत्र से क्रमशः सुबह करीब 6 बजे, सुबह 6:37 बजे और 6:42 बजे प्रक्षेपणों का पता लगाया, जिसने इस साल उत्तर कोरिया के 17वें बल प्रदर्शन को चिह्नित किया। जेसीएस ने संवाददाताओं को भेजे गए एक संदेश में कहा, 'निगरानी और सतर्कता गतिविधियों को मजबूत करते हुए, हमारी सेना, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ घनिष्ठ सहयोग में, पूरी तत्परता बनाए हुए है।'

### पाकिस्तान ने 10 महीनों में 13 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक लिया लोन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की करीब 34 फीसद आबादी प्रतिदिन मात्र 3.2 डालर (करीब 240 रुपये) की आय पर जी रही है। विश्व बैंक का कहना है कि नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के नए वित्त मंत्री मिफ्ताह इसामिल बेतहाशा बढ़ती महंगाई पर काबू करने की भीषण चुनौती का सामना कर रहे हैं। यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा आर्थिक संकट है। अपनी अर्थव्यवस्था को संभालने में पाकिस्तान की विफलता उसके अपने कार्यों का एक अप्रिय परिणाम है क्योंकि देश ने पहले 10 महीनों में कई वित्तपोषण स्रोतों से 13.033 अरब अमरीकी डालर का विदेशी ऋण लिया है। पूरे वित्तीय वर्ष के लिए विदेशी वाणिज्यिक बैंकों से 2.623 अरब अमरीकी डालर सहित। ईएडी ने डेटा जारी किया जो दर्शाता है कि देश को अप्रैल 2022 में कई वित्तपोषण स्रोतों से 262.14 मिलियन अमरीकी डालर की भारी राशि प्राप्त हुई।

### क्वाड देश के राष्ट्र प्रमुखों ने चीन को दिया कड़ा संदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। चीन के लिए चिंता का सबब बने हुए क्वाड ग्रुप ने एक बार फिर उसे इशारों में कड़ा संदेश दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बायडेन सहित क्वाड के नेताओं ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में बिना किसी उकसावे के और एकतरफा रूप से यथास्थिति को बदलने और तनाव बढ़ाने की किसी भी कोशिश का पुरजोर विरोध किया। इन नेताओं ने साथ ही बल प्रयोग या किसी तरह की धमकी के बिना शांतिपूर्ण ढंग से विवादों का निपटारा करने का आह्वान किया। क्वाड के इस बयान को आक्रामक चीन के लिये स्पष्ट संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। इसमें कहा गया है कि क्वाड, क्षेत्र में सहयोगियों के साथ सहयोग बढ़ाने को प्रतिबद्ध है, जो मुक्त एवं खुले हिन्द प्रशांत की दृष्टि को साझा करते हैं।

# अमेरिका के स्कूल में अंधाधुंध फायरिंग 18 छात्रों समेत 21 की गई जान

**हमला**

## अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- हम उन्हें माफ नहीं करेंगे, अब एक्शन लेने का समय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

टेक्सास। अमेरिका के टेक्सास स्थित एक स्कूल में अंधाधुंध फायरिंग से हड़कंप मच गया। हमलावर ने स्कूल में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिसमें अब तक 18 बच्चों की मौत हो गई है। वहीं शिक्षक समेत 3 लोगों की जान गई है। टेक्सास राज्य के सीनेटर ने बताया कि इस घटना में कुल 21 लोगों की जान जा चुकी है। हमलावर भी पुलिस और सुरक्षाकर्मियों की जवाबी कार्रवाई से नहीं बच सका और मारा गया। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने प्राथमिक स्कूल के अंदर हुई इस सनसनीखेज घटना की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि हमलावर की उम्र महज 18 साल थी।

**18 साल के हमलावर ने वारदात को दिया अंजामः** टेक्सास के जिस प्राथमिक स्कूल में फायरिंग की दिल दहला देने वाली वारदात हुई उसका नाम रॉब एलिमेंट्री स्कूल है। हमलावर 18 साल का युवक था जिसने ताबड़तोड़ फायरिंग कर स्कूल के



18 मासूम छात्रों और टीचर समेत 3 लोगों की जान ले ली। टेक्सास राज्य के सीनेटर ने ये जानकारी दी है। वहीं टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट के मुताबिक, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हमलावर भी मार गिराया गया। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने ग्रेग एबॉट से बात की है और हरसंभव मदद का भरोसा जताया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने टेक्सास के प्राथमिक स्कूल में हुई गोलीबारी की घटना पर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में, हमें पूछना होगा कि भगवान के नाम पर हम कब तक बंदूक की लॉबी के लिए खड़े होंगे और इसके खिलाफ क्या कर सकते हैं? जो माता-पिता अपने बच्चों को फिर कभी नहीं देख पाएंगे, उनके बारे में सोचने की जरुरत है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अब एक्शन लेने का समय है। हमें उन लोगों को बताने की जरूरत है जो इस तरह कानून के खिलाफ जाकर बंदूक उठाते हैं, हम उन्हें माफ नहीं करेंगे।

वहीं पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हमलावर शख्स स्कूल का ही पुराना छात्र है। वारदात सैन एंटोनियो के 80 किमी (50 मील) पश्चिम में एक छोटे से इलाके उवाल्डे की है। हमलावर शख्स ने घटना से पहले अपनी गाड़ी स्कूल के बाहर ही छोड़ दी। फिर स्कूल में घुसने के साथ अपनी बंदूक से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, उसके पास एक हैंडगन भी थी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन ने घटना पर शोक जताया है। साथ ही अधिकारियों को मामले में कई जरूरी निर्देश भी दिए हैं।

अमेरिका के स्कूल में फायरिंग का अकेला मामला नहीं है। इससे पहले दिसंबर 2012 में भी टेक्सास के एक स्कूल के अंदर गोलीबारी की ऐसी ही घटना को अंजाम दिया गया था। जब सैंडी हुक स्कूल में फायरिंग की गई थी, जिसमें 26 लोगों को जान चली गई थी।

## पाकिस्तानी सेना से जंग लड़ने की तैयारी में इमरान खान ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए इमरान खान आज आजादी मार्च निकालने जा रहे हैं। इमरान खान के इस शक्ति प्रदर्शन से घबराई शहबाज शरीफ सरकार ने इस्लामाबाद की ओर आने वाली सड़कों पर विशाल ट्रक खड़े कर दिए हैं ताकि पीटीआई समर्थकों को रोका जा सके। इस बीच नवाज शरीफ की बेटी मरियम ने एक ट्वीट करके बताया है कि पीटीआई पदाधिकारियों से एके– 47 और अमेरिकी राइफलों समेत बड़े पैमाने पर हथियार और विस्फोटक पदार्थ पुलिस ने बरामद किए हैं। इस बीच पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक इमरान खान और उनके सहयोगियों को अरेस्ट भी किया जा सकता है।

द न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक एक शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि इमरान खान को रोकने के लिए उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है। इमरान खान ने दावा किया है कि वह आज पाकिस्तान के इतिहास का सबसे बड़ा जुलूस निकालने जा रहे हैं। इमरान खान की कोशिश किसी तरह से राजधानी इस्लामाबाद पहुंचने की है। उधर, शहबाज सरकार ने पाकिस्तान के कई शहरों में कार्रवाई करके पीटीआई समर्थकों को अरेस्ट किया है।



## 19 देशों में अबतक 237 मामले आए सामने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लिस्बन। कोरोना वायरस का प्रकोप अभी खत्म भी नहीं हुआ है और इस बीच भारत सहित कई देशों में मंकी पॉक्स वायरस के मामले मिलने लगे हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, पुर्तगाल, स्पेन, स्वीडन, यूके और यूएस के बाद अब भारत में भी मंकीपॉक्स के केस समाने आने लगे हैं। अब पुर्तगाल में भी मंकीपॉक्स के मामले मिले हैं लेकिन विशेषज्ञों का कहना है पुर्तगाल के मामले ज्यादा गंभीर नहीं है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ डाउटर रिकार्डो जॉर्ज ने मंगलवार को कहा कि पुर्तगाल में फैलने वाला मंकीपॉक्स वायरस पश्चिम अफ्रीका में फैलने वाले वायरस से कम आक्रामक है।

## मोदी–बाइडन जब कर रहे थे क्वाड बैठक, रूस–चीन ने भेजा परमाणु बॉम्बर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**चीन और रूस की सेना ने संयुक्त युद्धाभ्यास किया**

क्योटो। चीन और रूस की सेना ने यूक्रेन युद्ध के बाद पहली बार संयुक्त युद्धाभ्यास किया है। दोनों देशों की वायुसेना ने दो परमाणु बॉम्बर समेत 4 फाइटर जेट को जापान की हवाई सीमा के बेहद करीब भेजकर क्वाड देशों को डराने की कोशिश की। रूस–चीन की इस हरकत पर जापान की वायुसेना तत्काल ऐक्शन में आ गई और उसने भी फाइटर जेट भेजकर सख्त चेतावनी दी। जापान ने बताया कि रूस ने अपने TU–95 और चीन ने H–6 परमाणु बॉम्बर को जापानी सीमा के पास भेजा था। रूस–चीन के फाइटर जेट जब जापान के करीब आए उस समय पीएम मोदी, बाइडन, जापान और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बैठक कर रहे थे।

रूस–चीन के विमानों से निपटने के लिए दक्षिण कोरिया ने भी अपने फाइटर जेट को जापान की सीमा के पास भेज दिया। रूस और चीन के फाइटर जेट ने जापान सागर, पूर्वी चीन सागर और पश्चिमी प्रशांत महासागर के ऊपर उड़ान भरी। चीन और रूस पहले भी इस तरह के अभ्यास कर चुके हैं लेकिन क्वाड बैठक के बीच इस उड़ान से पूरे साऊथ चाइना सी में माहौल तनावपूर्ण हो गया। जापान के रक्षा मंत्री नोबूओ किशी ने कहा कि यह उड़ान बाइडन, मोदी, एंथनी अल्बनीज और किशिदा को डराने के लिए की गई थी। ये चारों ही नेता चीन की दादागिरी पर लगाम लगाने के लिए बैठक कर रहे थे।

जापान ने भी रूस–चीन को करारा जवाब देने के लिए अपने फाइटर जेट को भेज दिया। रूसी–चीनी विमान कई बार दक्षिण कोरिया की हवाई सीमा में घुस गए थे। रूस दक्षिण कोरिया के एडीआईजेड इलाके को नहीं मानता है, वहीं चीन का मानना है कि उसे इस इलाके में आने–जाने की पूरी छूट है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह पूरा संयुक्त अभ्यास करीब 13 घंटे तक चलता रहा।

### बाइडन की धमकी के बावजूद चीन ने किया ताइवान के पास सैन्य अभ्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन ने ताइवान के पास फिर से सैन्य अभ्यास किया है। चीनी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने बुधवार को दावा किया है कि उसने ताइवान के पास सैन्य अभ्यास किया है। इस महीने ये इस तरह की तीसरी घटना है। इससे पहले चीनी नौसैनिक पोत जापान की समुद्री सीमा में घुस गए थे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि चीन के विमान नियमित रूप से सीमा का उल्लंघन करते आ रहे हैं। इससे पहले चीनी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने ताइवान के पास सैन्य्य अभ्यास किया था। चीनी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने 10 मई को कहा था कि शुक्रवार से रविवार तक ताइवान के पास एक और दौर का संयुक्त अभ्यास किया गया। बता दें कि यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से ताइवान ने अलर्ट जारी कर रखा है। उसे चीन से हमले का खतरा है। यहीं नहीं, चीन के विमानों ने ताइवान के वायु क्षेत्र में घुसपैठ की थी।


Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# 11 हजार फीट की ऊंचाई पर सीएम ने साइकिल रैली को दिखाई हरी झंडी

**साइकिल रैली**

## साइकिल रैली के लिए देश के विभिन्न राज्यों के 58 प्रतिभागी जुटे

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**



पिथौरागढ़। धारचूला की चीन सीमा से लगी व्यास घाटी में 11 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित गुंजी में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बुधवार दोपहर को साइकिल रैली को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरी झंडी दिखाई। आयोजन के लिए पूरा प्रशासनिक अमला गुंजी में जुटा हुआ है। साइकिल रैली के लिए देश के विभिन्न राज्यों के 58 प्रतिभागी सोमवार की देर रात गुंजी पहुंच चुका है।

पिथौरागढ़ में पिछले हफ्ते से ही चोटी पर बर्फबारी व तराई में बारिश–ओलावृष्टि हो रही है। पर यहां पर आयोजन से ठीक पहले मंगलवार शाम से ही मौसम साफ है। इससे साइकिल रैली में प्रतिभाग करने वाले साइकिलिस्टों को अभ्यास का पूरा मौका मिल गया।

बुधवार को भी मौसम खुला रहा और धूप खिली रही। लिपुलेख मार्ग पूरी तरह खुला हुआ है। साइकिलिस्ट 14,400 फीट की ऊंचाई वाले आदि कैलास क्षेत्र से गुंजी तक साइकिल रैली निकाल रहे हैं।

**कुटी यांग्ती में होगी राफ्टिंग:** इस दौरान कुमांऊ मंडल विकास निगम द्वारा उत्तराखंड में सर्वाधिक ऊंचाई में कुटी यांग्ती में रीवर राफ्टिंग कराई जाएगी। रीवर राफ्टिंग बुधवार और गुरुवार को होगी। इसके अलावा वर्ड वॉचिंग होगी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है। सीमांत के पांच थानों धारचूला, पांगला, बलुवाकोट, जौलजीबी और अस्कोट से पुलिस अधिकारियों और जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। क्षेत्र में उच्च हिमालय में पहली बार हो रही साइकिल रैली को लेकर उत्साह बना हुआ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को पिथौरागढ़ पहुंचे। एक दिवसीय दौरे के तहत सबसे पहले वह पैतृक गांव हड़खोला पहुंचे। यहां उन्होंने गांव स्थित मंदिर में पूजा–अर्चना की।

**पांखू हैलीपैड में नहीं उतर सका सीएम का हेलीकाप्टरः** सीएम पुष्कर सिंह धामी का हेलीकॉप्टर पांखू के अस्थाई हैलीपैड पर नहीं उतर सका। आसमान में छह चक्कर लगाने के बाद हेलीकॉप्टर गुंजी को रवाना हो गया है। बुधवार सुबह अपने पैतृक गांव हड़खोला में पूजा करने के बाद सीएम का हैलीकॉप्टर पांखू को रवाना हुआ।

पांखू आईटीआई में अस्थाई हैलीपैड बनाया गया था। जहां पर हैलीकॉप्टर नही उतर सका। हेलीकाप्टर गुंजी को चला गया है। सीएम धामी पांखू स्थित कोटगाडी मंदिर में पूजा के लिए जाना था।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने श्री देव सुमन की जयंती पर उन्हें याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने बैठक कर श्री देव सुमन जी की जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया। स्मरण रहे कि 25 मई को श्री देव सुमन जी की जयंती है। इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल ने कहा कि शहीद श्रीदेव सुमन को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद रखें तथा किसी के साथ अन्याय ना होने दें। प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी ने कहा कि श्रीदेव सुमन ने हमेशा राजशाही के खिलाफ अपनी आवाज को उठाया जिसका नतीजा यह हुआ कि अंग्रेजों ने उन्हें शहीद कर दिया लेकिन वह अंत तक संघर्ष करते रहे। देहरादून नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय दीना नाथ सलूजा को और उनके इस शहर देहरादून और मानवता के प्रति योगदान को याद किया गया और उनको श्रद्धांजलि दी गई।

### 48 घंटे पूर्व प्रचार कर रहे बाहरी लोगों को वापस भेजने के निर्देश

**संवाददाता** चम्पावत। उपचुनाव के सफलता पूर्वक संचालन के लिए पांच जोनल एवं 21 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। इतने ही पुलिस जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त एक जोनल तथा ती सेक्टर मजिस्ट्रेट आरक्षित रखे गए हैं। सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बुधवार को जिला पंचायत सभागार में ब्रीफिंग कर मतदान को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराए जाने के निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र सिंह भंडारी ने कहा कि मतदान कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है।

### फोक्सवैगन इंडिया ने एक एक्सक्लूसिव प्रिव्यू का किया आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। ग्राहकों को ऑल–न्यू वर्टूस का अनुभव कराने में सक्षम बनाने के लिए, फोक्सवैगन पैसेंजर कार्स इंडिया ने दून के अपने शोरूम में अपनी आकर्षक, शानदार,जर्मन–इंजीनियर्ड, नई वैश्विक सेडान का एक्सक्लूसिव प्रिव्यू आयोजित किया। इंडिया 2.0 परियोजना के तहत वर्टूस ब्रांड का दूसरा उत्पाद है, जिसे 9 जून को भारतीय बाजार में लॉन्च किया जाएगा। यह पहल ब्रांड को इंडिया 2.0 परियोजना को पूरा करने की दिशा में एक कदम और करीब ले जाती है। देहरादून में ग्राहकों को इसके बाजार में लॉन्च होने से पहले वर्टूस का अनुभव करने का एक विशेष अवसर मिलेगा। ब्रांड निदेशक, आशीष गुप्ता ने कहा कि फोक्सवैगन में, हम अपने ग्राहकों के लिए न्यू वर्टूस का रोमांच लाने के लिए इस क्षण का इंतजार कर रहे हैं।

## जल्द निस्तारित होगा पुलिसकर्मियों के ग्रेड पे का मामलाः डीजीपी

**संवाददाता** नैनीताल। लंबे समय से 4600 ग्रेट–पे लागू होने इंतजार कर रहे पुलिस कर्मियों को डीजीपी अशोक कुमार ने एक बार फिर आश्वासन दिया है। कहा कि ग्रेड पे लागू करने को लेकर शासन और सरकार के स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही इसका निस्तारण कर लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इस साल की चारधाम यात्रा पिछले सभी रिकार्ड तोड़ देगी।

बुधवार को नैनीताल क्लब में जनसंवाद कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद डीजीपी अशोक कुमार ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने इस दौरान उन्होंने राज्य के विभिन्न मुद्दों पर बात की। कहा कि प्रदेश में साइबर ठगी पर रोकथाम को लेकर पुलिस प्रयास कर रही है। साइबर अपराधियों के ठिकानों तक पहुंच कर गिरफ्तारी भी की जा रही है। प्रदेश में डेमोग्राफिक बदलाव पर पुलिस कार्रवाई को लेकर पूछे गए सवाल में डीजीपी ने कहा कि कानून के आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। सत्यापन और अन्य अभियान चलाए जा रहे हैं। हालांकि पर्यटन सीजन और चार धाम यात्रा के कारण अभियानों में कुछ सुस्ती आई है। मगर पर्याप्त पुलिस बल होने के बाद अभियान एक बार फिर तेज कर दिए जाएंगे।

कहा कि बिना सत्यापन रह रहे और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने प्रदेश में चल रही चार धाम यात्रा को इस बार रिकॉर्ड तोड़ होने की बात कही। कहा कि 2019 में अब तक की सर्वाधिक 35 लाख श्रद्धालु रिकॉर्ड किए गए थे।



### कर्ण महाराज ने पुरोला स्थित कमलेश्वर धाम के किये दर्शन

**संवाददाता** पुरोला। विकासखंड मोरी के दो दर्जन से अधिक गावों के आराध्य देवता कर्ण महाराज बाबा केदार की पैदल यात्रा के तीसरे दिवस बुधवार को विकासखंड पुरोला के ग्राम रौंन में रात्रि विश्राम करेंगे। इससे पूर्व गत रात्रि को विकासखंड मोरी के ग्राम डांडा गांव में रात्रि विश्राम करने के बाद बुधवार सुबह शुरु हुई। यात्रा के तीसरे दिन कर्ण महाराज ने पुरोला स्थित कमलेश्वर धाम के दर्शन किये। 23 मई को कर्ण महाराज के थान ग्राम देवरा से सुरु हुई बाबा केदार की पैदल यात्रा के तहत महाराज ने अनुयायियों सहित ग्राम ओडारा में रात्रि विश्राम किया। यात्रा के दूसरे दिन महाराज ने डांडा गांव में विश्राम करने के बाद आज सुबह पुनः यात्रा सुरु की व कमलेश्वर धाम पहुंचने के बाद ग्राम रौंन में विश्राम करेंगे। कर्ण महाराज सुबह पुनः यात्रा प्रारंभ कर गंगनान धाम में रात्रि विश्राम करते हुए यात्रा के विभिन्न पड़ाव से होते हुए 5 जून को बाबा केदार के दर्शन करेंगे।

## सीएम ने किया 113.34 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को डीआरडीओ गेस्ट हाउस पिथौरागढ़ में विधानसभा क्षेत्र धारचूला, पिथौरागढ़, डीडीहाट तथा गंगोलीहाट की 113.34 करोड़ की 47 विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिनमें 73 करोड़ की 28 योजनाओं का लोकार्पण तथा 40.34 करोड़ की 19 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने धारचूला मुनस्यारी क्षेत्र के ओम पर्वत, आदि कैलाश, छोटा कैलाश क्षेत्र में आवागमन हेतु पर्यटकों को इनर लाइन ई पास रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था हेतु इनर लाइन ई पास पोर्टल का भी

**इनर लाईन ई पास पोर्टल का किया शुभारम्भ**

शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने पं. नैन सिंह रावत, शैतान सिंह और मान सिंह रावत जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पं. नैन सिंह रावत के परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें शॉल भेंट कर सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए हमने कई संकल्प लिए हैं। राज्य सरकार पारदर्शिता के साथ विकल्प रहित संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सरलीकरण, समाधान एवं निस्तारीकरण पर अधिकारियों को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। हमारी प्राथमिकता समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक जन कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है। हमने प्रदेश की जनता से जो वायदे किये हैं, वे सभी पूरे किये जायेंगे। राज्य में नई सरकार के गठन के बाद पहली केबिनेट में उत्तराखण्ड के सभी लोगों के लिए एक समान कानून के लिए समिति बनाने को केबिनेट से मंजूरी दी गई है। जल्द ही विशेषज्ञों की कमेटी बनाकर ड्राफ्ट तैयार किया जायेगा। पर्यावरण मित्रों का मानदेय बढ़ाकर प्रतिदिन 500 रूपये किया गया है। सरकार ने पति–पत्नि दोनों को वृद्धावस्था पेंशन देने का निर्णय लिया है और इसकी धनराशि भी बढ़ाई है।

### जगदंबा हार्ट सेंटर में शुक्रवार को लगेगी ओपीडी

**संवाददाता** हल्द्वानी। हृदय संबंधी रोग की जांच एवं उपचार के लिए छोटे शहरों में अनेकों प्रकार की दिक्कतें सामने आती हैं। इन्हीं पहलुओं को देखते हुए मेदांता–गुरुग्राम ने हल्द्वानी में जगदंबा हार्ट सेंटर में ओपीडी लगाने की निर्णय लिया है जिसमें मेदांता गुरुग्राम के विशेषज्ञों की टीम शामिल रहेगी। अब हल्द्वानी के लोगों को किफायती दामों पर हृदय संबंधी रोगों के लिए मेदांता–गुरुग्राम द्वारा विश्व स्तरीय उपचार मिल सकेगा। शराब व धुम्रपान के कारण लोगों में हृदय संबंधी बीमारियां बढ़ रहीं हैं। खासकर युवाओं में हृदय संबंधी समस्याओं की अधिकता देखने को मिल रही है। जिसको लेकर लोगों को जागरुक करने की आवश्यकता है मेदांता–गुरुग्राम के हृदय संबंधी रोगों के उपाध्यक्ष डॉ. विजय कोहली विशेषज्ञों की टीम के साथ रोगियों को उचित परामर्श और जांच की सलाह देंगे। डॉ कोहली ने अब तक 10,000 से भी अधिक हृदय से संबंधित सफल ऑपरेशन किए हैं।

*यदि आप ये सोचते रहे कि लोग क्या कहेंगे तो आप अपने जीवन की पहली परीक्षा में ही हार गये हैं।–अज्ञात।*


विचार-प्रवाह
देहरादून, बृहस्पतिवार, 26 मई 2022
पेज थ्री
www.page3news.in

# आपसी रिश्तों की अहमियत

**यूक्रेन को लेकर अमेरिका की ओर से कुछ ऐसे बयान आए थे, जिनसे संबंधों में तल्खी का संकेत मिला था। पहले तो बाइडन ने यह कहा कि यूक्रेन मामले में भारत का रुख थोड़ा हिला हुआ है। रूस को लेकर भारत का जो रुख है, वह उसे महंगा पड़ सकता है।**

नीतू शाह।।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच हुई बातचीत का सबसे बड़ा संदेश यही है कि दोनों देश आपसी रिश्तों की अहमियत समझते हैं। वे भविष्य में इसे और मजबूत करना चाहते हैं। अगर कोई गांठ आई भी तो दोनों उसे सुलझा लेंगे। हाल में यूक्रेन को लेकर अमेरिका की ओर से कुछ ऐसे बयान आए थे, जिनसे संबंधों में तल्खी का संकेत मिला था। पहले तो बाइडन ने यह कहा कि यूक्रेन मामले में भारत का रुख थोड़ा हिला हुआ है। इसके बाद अमेरिका के डेप्युटी एनएसए दलीप सिंह भारत आए। उन्होंने कहा कि रूस को लेकर भारत का जो रुख है, वह उसे महंगा पड़ सकता है। खासतौर पर भारत के रूस से तेल–गैस सौदे को लेकर अमेरिका की ओर से दबाव था। आखिर, इस मामले में भारत को यह कहना पड़ा कि यूरोपीय देश अभी रूस से कहीं ज्यादा तेल–गैस खरीद रहे हैं। इन सबके बीच अगर मोदी, बाइडन के बीच सोमवार को अच्छी बातचीत हुई तो वह मायने रखती है। मोदी ने अपनी तरफ से बूचा हिंसा का मुद्दा उठाया। उन्होंने भारत का यह रुख भी दोहराया कि बूचा हिंसा की निष्पक्ष जांच करवाई जाए।



मोदी ने कहा कि उन्होंने रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपति से सीधी बातचीत की अपील की है। एक और लिहाज से यह वार्ता खास थी। दोनों नेताओं के बीच विदेश और रक्षा मंत्री स्तर की 2 प्लस 2 वार्ता से पहले यह चर्चा हुई। अक्सर मंत्री और अधिकारी शीर्ष नेताओं के बीच वार्ता की जमीन तैयार करने के लिए मिलते हैं। खैर, इस माहौल में बाइडन और मोदी ने बात की। दोनों ने यूक्रेन पर एक दूसरे का पक्ष समझा। मतभेदों को स्वीकार किया और उन्हें दूर करने की जरूरत दिखाई। साथ ही, एक दूसरे को बताने से परहेज किया कि किसे क्या करना चाहिए। इसके बाद उनका रुख आपसी रिश्तों को और गहरा करने की प्रतिबद्धता की ओर मुड़ गया। बाइडन ने भारत के साथ पार्टनरशिप को अमेरिका के सबसे महत्वपूर्ण रिश्तों में एक बताया तो प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों को नैचरल पार्टनर करार दिया। अमेरिका इस तथ्य को अच्छी तरह समझता है कि युद्ध के बाद चीन की आक्रामकता पर अंकुश लगाने के अभियान में भारत का साथ उसके लिए अहम साबित होने वाला है। इसके साथ ही यह बात भी है कि रक्षा समेत तमाम क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग की जो व्यापक संभावनाएं हैं उनकी अनदेखी करना अमेरिका के हित में नहीं होगा।

भारत में भी एक वर्ग यह समझ रहा है कि रूस आगे चलकर चीन का जूनियर पार्टनर बन जाएगा। इसलिए भारत को रूस से दूरियां बनानी होंगी। यानी लंबी अवधि के लिहाज से देखें तो भारत और अमेरिका वाकई नैचरल पार्टनर हैं।

## सकरात्मक ऊर्जा

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** सुबह के समय थोड़ी देर के लिए खिड़की,दरवाजे खोल दें ताकि ताजी हवा और सूर्य का प्रकाश घर में प्रवेश कर सके,ऐसा करने से सकरात्मक ऊर्जा आपके घर में आएगी, वास्तुदोष दूर होंगे। इसलिए लोग अपने घर में कई तरह के पौधे लगाते हैं। वास्तु में कई ऐसे पौधों के बारे में जिक्र किया गया है, जिनको घर में लगाने से सुख–समृद्धि आती है। इन्हीं पौधों में से एक है मनी प्लांट का पौधा। मान्यता है कि इस पौधे को घर में लगाने से कभी पैसों की कमी नहीं होती। इस पौधे को घर में लगाने से मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है साथ ही खुशहाली बनी रहती है। हालांकि, ये पौधा तभी फलदायी होता है, जब इसे वास्तु के नियमों के अनुसार लगाया जाता है। इसके अलावा अपने घर में लगे मनी प्लांट को कभी भी दूसरों को गिफ्ट नहीं देना चाहिए।

## संपादकीय

### नैतिकता कहां गई!

टेस्ला की बैट्री चालित गाड़ियों को ग्लोबल वॉर्मिंग का जवाब बताया जा रहा है, लेकिन इनमें इस्तेमाल होने वाली निकिल धातु के गहरे समुद्रों से उत्खनन का जो रास्ता चोरी–छिपे यह कंपनी बना रही है, वह न केवल जैव विविधता के लिए खतरनाक है, बल्कि इसके चलते अगले कुछ सालों में मीथेन दुनिया के लिए कार्बन डायॉक्साइड से भी बड़ी समस्या हो सकती है। यहां दुनिया के आम नागरिक के रूप में हमारी चिंता कारोबार और मुनाफे से हटकर होनी चाहिए। मस्क ने अपनी कंपनी स्पेस एक्स के जरिये जब स्पेस ट्रांसपोर्ट के कारोबार में कदम रखा तो मंगल पर बस्ती बसाने और धरती के ऊपर तारों भरे आकाश जैसा ही सैटेलाइटों का एक नया चंदोवा तान देने जैसे सपनों की झड़ी लगा दी। लेकिन हकीकत यह है कि पिछले पांच–सात वर्षों में जितना खतरनाक अंतरिक्ष कचरा स्पेस एक्स के जरिये जमा हुआ है, उतना उससे पहले का सारा समय मिलाकर भी नहीं दर्ज किया गया था। उनके उलट ईलॉन मस्क की गति बिल्कुल अलग–अलग क्षेत्रों में दिखाई देती रही है, जिनके बीच कोई आपसी रिश्ता नहीं है। ईलॉन मस्क के लिए धंधे के सामने नैतिकता का कभी कोई मतलब नहीं रहा, लिहाजा सोशल मीडिया में उनकी एंट्री भी जल्द ही कुछ बड़े कारनामों का सबब बन सकती है।

ईलॉन मस्क की निजी संपत्ति भारत के जीडीपी के दसवें हिस्से के पास पहुंच रही है, लेकिन चर्चा हम उन्हें पड़ोसी मानकर ही किया करते हैं। मस्क ने 44 अरब डॉलर में ट्विटर कंपनी खरीदी है।

# महंगा है सौदा?

चंद्रभूषण।।

ईलॉन मस्क की नजर ट्विटर को अपनी झोली में लाने पर है, इसका अंदाजा इस साल की शुरुआत में ही होने लगा था। इस कंपनी के 5 फीसदी से ज्यादा शेयर उनके पास होने की बात 31 जनवरी 2022 को सार्वजनिक हो गई थी। ट्विटर के निदेशक मंडल में मस्क की हरकतों को लेकर चिंता पहली बार मार्च में दिखाई पड़ी, जब कंपनी में उनकी हिस्सेदारी 9 फीसदी का दायरा पार करती नजर आई। फिर ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल का ट्वीट आया कि कंपनी की तरफ से ईलॉन मस्क को बोर्ड में आने का न्यौता भेजा गया है। इस न्यौते को मस्क ने जरा भी घास नहीं डाली और ऐसे ट्वीट्स की धार बहा दी, जिनमें ट्विटर की ले–दे की गई थी। अप्रैल में ही किए गए इन हमलों के तुरंत बाद उनकी ओर से कंपनी खरीद लेने का प्रस्ताव चर्चा में आया और 25 अप्रैल को ट्विटर इंक उनके खाते में चली गई।

पिछले कुछ सालों में कई अमेरिकी कंपनियों का नाम भारत में इतनी बुरी तरह लोगों की जुबान पर चढ़ गया है कि एकबारगी इनकी जड़ें अपने देश में ही जमी होने का भ्रम होने लगता है। सुबह होते ही मोबाइल फोन ऑन करना और फेसबुक स्टेटस चेक करना ठेठ देहातों में भी सामान्य दिनचर्या का अंग बन गया



है। रही बात ट्विटर की तो उसकी अबोली कूक किसी साइट पर गए बिना भी सुनाई देने लगती है। फोन ऑन होते ही 'ऐट द रेट' निशान के साथ किसी सिलेब्रिटी का नाम उसके एक वाहियात से बयान के आधे–अधूरे हिस्से के साथ स्क्रीन पर नमूदार हो जाता है।

ज्यादातर लोगों की इसमें कोई दिलचस्पी नहीं होती, लेकिन ट्विटर की नीली चिड़िया और उस शख्स के नाम की एक झलक दिमाग पर छप ही जाती है। कमोबेश यही हाल अमेरिकी धन्नासेठों का भी है। ईलॉन मस्क की निजी संपत्ति भारत के जीडीपी के दसवें हिस्से के पास पहुंच रही है, लेकिन चर्चा हम उन्हें पड़ोसी मानकर ही किया करते हैं। मस्क ने 44 अरब डॉलर में ट्विटर कंपनी खरीदी है। रुपयों में लिखने पर यह रकम बहुत बड़ी नजर आने लगेगी– तीन लाख 37 हजार 153 करोड़ रुपये! लेकिन आश्चर्य करना ही है तो इस व्यर्थ की आंकड़ेबाजी के बजाय किसी और बात पर करें। मस्क के मैदान में कूदने तक, यानी मध्य मार्च तक ट्विटर इनकॉरपोरेटेड का मार्केट कैपिटलाइजेशन 28 अरब डॉलर बताया जा रहा था। जाहिर है, डेढ़ गुने से ज्यादा दाम देकर एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी का मालिकाना हासिल करना पहली नजर में कोई सेंस नहीं बनाता। 15 अप्रैल से ही पश्चिमी सोशल मीडिया में बहस चल रही है कि ईलॉन मस्क अगर वाकई ट्विटर खरीद लें तो वे इसमें किस–किस तरह के बदलाव ले आएंगे। मसलन, एडिट बटन बनाना, ताकि कोई चाहे तो अपना बयान बदल सके। और ओपेन सोर्स कोड के जरिये पारदर्शिता लाना, ताकि किसी को संदेह हो तो वह अपने खाते के अपग्रेड या डाउनग्रेड होने की वजह भी जान सके। लेकिन इन छोटे–मोटे ग्राहकोचित कामों के लिए दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी ने 28 अरब डॉलर की एक कंपनी 44 अरब डॉलर में खरीद ली, ऐसा मानने में कोई समझदारी नहीं है। यह सही है कि 'न्यू इकॉनमी' के दो और महागुरुओं बिल गेट्स और स्टीव जॉब्स की ही तरह ईलॉन मस्क भी कोई टेक्नॉलजी फ्रीक, कोई सिद्ध वैज्ञानिक, इंजीनियर या गणितज्ञ नहीं हैं। उनके पास फिजिक्स और इकॉनमिक्स की ग्रेजुएशन डिग्री जरूर है, लेकिन जिन कारोबारों पर उनकी मोहर है, उनमें इन शास्त्रों की कोई खास भूमिका नहीं है।

### अष्टयोग-5000

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 7 | | 5 | 6 | 3 |
| | 29 | | 32 | | 32 | |
| 4 | | 5 | 3 | | 2 | 7 |
| | 36 | 6 | 28 | 4 | 28 | |
| 5 | | 2 | | 3 | | 1 |
| 7 | 37 | | 26 | | 37 | 6 |
| | | 4 | 1 | 2 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 4999 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 6 | 37 | 6 | 32 | 2 | 26 | 1 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 4 | 32 | 4 | 32 | 4 | 32 | 4 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 |
| 7 | 33 | 2 | 29 | 6 | 40 | 7 |
| 2 | 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### ट्विटर कंपनी भला क्या मायने रखती है?

**मोहन।** स्पेसएक्स की तरफ से देखने पर वे हमें रॉकेट साइंटिस्ट लग सकते हैं, टेस्ला के पास से देखने पर बैट्री डिजाइनर या ऑटो इंजीनियर। क्या पता, कुछ समय बाद ट्विटर से जोड़कर उनका परिचय सॉफ्टवेयर टेक्नॉलजिस्ट की तरह दिया जाने लगे। लेकिन ऐसा तभी हो पाएगा, जब ट्विटर के प्रोफाइल को वे अमेरिका की बड़ी सॉफ्टवेयर या इंटरनेट बेस्ड कंपनियों के आस–पास ले जा सकें। ध्यान रहे, माइक्रोसॉफ्ट और अल्फाबेट (गूगल) अभी 2000 अरब डॉलर मार्केट कैप के आसपास मंडरा रही कंपनियां हैं, जबकि एमेजॉन की गति डेढ़ हजार और मेटा (फेसबुक) की एक हजार अरब डॉलर के आसपास मानी जाती है। इनके सामने डेढ़ गुनी कीमत हासिल करने के बावजूद 44 अरब डॉलर के मार्केट कैपिटलाइजेशन पर सिमटी ट्विटर कंपनी भला क्या मायने रखती है? इसमें कोई शक नहीं कि लोगों के दिमाग में गूगल, फेसबुक और ट्विटर का कद एक जैसा ही है।





## सुहाना खान की बर्थडे PICS देख बेस्ट फ्रेंड अनन्या ने पूछा सवाल

बॉलिवुड के किंग कहे जाने वाले शाहरुख खान और गौरी खान की बेटी सुहाना खान 22 साल की हो गई हैं। उन्होंने अभी अपना 22वां जन्मदिन धूमधाम से सेलिब्रेट किया है। मंगलवार 24 मई को इंस्टाग्राम पर सुहाना ने अपने बर्थ डे की ढेर सारी तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं। इसमें उनकी दोस्त खुशी कपूर और अगस्त्या नंदा भी दिखाई दे रहे हैं। सेलिब्रेशन ऊंटी में हुआ है, जहां खूब मस्ती-धमाल किया गया है। सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में सुहाना ऑरेंज कलर की ड्रेस में पोज दे रही हैं। कुछ फोटोज उनके रूम की है, जिसे बड़ी खूबसूरती के साथ सजाया गया है। वहीं, कुछ में वह अपने आर्चीज को-स्टार्स के साथ कैमरे के सामने दिखाई दे रही हैं। वहीं लाल रंग के गुलाब से लेकर कलरफुल बुकेइ सुहाना के रूम की रौनक बढ़ा रहे हैं। इन चार-पांच फोटो को पोस्ट करने के साथ-साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा, 22/22. इसका मतलब कि वह साल 2022 में पूरे 22 साल की हो चुकी हैं। सुहाना के इस पोस्ट पर सभी उनके चाहने वाले रिएक्ट कर रहे हैं।

## तारक मेहता में दयाबेन बनकर अब कभी नहीं आएंगी दिशा वकानी

सोनी सब का सबसे फेमस शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा हर किसी को पसंद है। बच्चे से लेकर बड़े-बूढ़े इसे बड़े चटकारे के साथ देखते हैं। 2008 से शुरु हुए इस शो को 14 साल का समय बीत चुका है। लेकिन एंटरटेनमेंट में मेकर्स ने कोई कमी नहीं छोड़ी। आज भी शो की टप्पू सेना की मस्ती और जेठालाल-बापूजी की नोंक-झोंक खूब अच्छी लगती है। हालांकि इस शो से कई लोगों ने अलविदा कह दर्शकों को मायुस भी किया है। कुछ दिन पहले तारक मेहता बने शैलेश लोढ़ा ने जाने की खबर आई थी। फिर बबीता जी फेम मुनमुन दत्ता के भी शो को छोड़कर जाने की अफवाह उड़ी थी। हालांकि इन सब दुखभरी रिपोर्ट्स के बीच एक गुड न्यूज भी सुनाई दी थी। वो ये कि शो की जान दयाबेन वापसी कर रही हैं। इस पर खुद प्रड्यूसर असित कुमार मोदी ने मुहर लगाई है। लेकिन... लेकिन... लेकिन.. दिशा वकानी शो का हिस्सा नहीं होंगी। हालांकि कई बार उनके शो में आने की खबरें सुनाई दी थीं। लेकिन वह मौका कभी आया नहीं और न मेकर्स उनके जैसा कोई इस बीच तलाश पाए। लेकिन दर्शक अब यही उम्मीद जता रहे हैं जो भी दयाबेन का रोल करे, वह दिशा वकानी के जितना ही बढ़िया करे।

## शोएब इब्राहिम ने मुंबई में मां के लिए खरीदा नया घर



शोएब और दीपिका हाल ही म्यूजिक वीडियो रब ने मिलाई धड़कन में नजर आए थे। हाल ही इस गाने ने यूट्यूब पर 1 करोड़ व्यूज पार किए हैं। इसी का जश्न मनाने के लिए शोएब और दीपिका ने एक वीडियो बनाया और उसी में नए घर के बारे में बताया। शोएब इब्राहिम और दीपिका पादुकोण का मुंबई में पहले से ही एक घर है। जिस बिल्डिंग में दोनों रह रहे हैं, उसी बिल्डिंग में उन्होंने नीचे वाला फ्लैट खरीदा है। वीडियो में शोएब इब्राहिम कहते हैं कि वह 2009 में मुंबई आए थे और अब 2022 में उनका घर लेने का सपना पूरा हो गया है। शोएब इब्राहिम ने कहा, मैं मुंबई में एक नया घर ले रहा हूं, अपने नाम से। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि घर मैंने मां के लिए लिया है। हर आदमी का सपना होता है कि वह एक दिन अपना घर खरीदे, जिसके बाहर उसकी नेमप्लेट लगे। मैं काफी वक्त से घर लेना चाहता था, लेकिन अन्य जिम्मेदारियों के कारण ऐसा हो नहीं सका। लेकिन अब चीजें अच्छी हैं। मेरी बहन भी लाइफ में आगे बढ़ रही है। वहीं नए घर को लेकर दीपिका कक्कड़ ने कहा, जिस बिल्डिंग और फ्लैट में हम रह रहे हैं, वह मैंने खरीदा था। जब शोएब ने अम्मी और फैमिली को मुंबई शिफ्ट करवाया तो हमारे फ्लैट के नीचे वाला फ्लैट किराए पर था। वो हमने ले लिया।

# बॉक्स ऑफिस पर महाफ्लॉप फिल्म निकली धाकड़



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*कंगना रनौत की फिल्म धाकड़ बॉक्स ऑफिस पर बॉलिवुड की सबसे बड़ी डिजास्टर साबित हुई है। इस फिल्म को पहले दिन से ही सिनेमाघर में दर्शक नसीब नहीं हो रहे हैं। आलम यह है कि मल्टीप्लेक्स से लेकर सिंगल स्क्रीन थिएटर्स में शोज कैंसल हो रहे हैं। मुंबई के मशहूर मराठा मंदिर में फिल्म एक शो में चल रही थी, जिसे अब हटा दिया गया है। उसकी जगह कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 दिखाई जा रही है। टिकट खिड़की पर चौथे दिन फिल्म की कमाई गर्त में चली गई है। इस फिल्म ने अपने पहले सोमवार को महज 30 लाख रुपये की कमाई की है। जबकि चार दिनों में कुल कमाई महज 3.57 करोड़ रुपये है। इसके उलट शुक्रवार को ही रिलीज भूल भुलैया 2 ने चार दिनों में 65.25 करोड़ रुपये की कमाई है।*

रजनीश घई के डायरेक्शन में बनी धाकड़ में कंगना रनौत ने एजेंट अग्नि का किरदार निभाया है। फिल्म में उनके साथ अर्जुन रामपाल और दिव्या दत्ता जैसे ऐक्टर्स हैं। लेकिन थिएटर्स में फिल्म का आलम यह है कि अधिकतर सिनेमाघरों में या तो गिने-चुने दर्शक दिख रहे हैं या फिर शोज कैंसल हो रहे हैं। देश में वैसे भी हिंदी पर्दे पर फीमेल ऐक्शन हीरो की बहुत कम फिल्में ही सफलता का स्वाद चखती हैं। साल 1992 में आई फूल बने अंगारे बहुत बड़ी हिट साबित हुई थी। उस फिल्म में रेखा लीड रोल में थीं। लेकिन उसके बाद शायद ही कोई फिल्म वैसा दम दिखा पाई है।

**100 करोड़ में बनी है धाकड़**

धाकड़ का बजट 100 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। ऐसे में फिल्म



जिस हिसाब से कमा रही है, यह लाइफटाइम 10 करोड़ भी कमा ले तो गनीमत है। ऐसे में फिल्म को हुए घाटे का अंदाजा लगाया जा सकता है। धाकड़ की कमाई ओपनिंग डे से ही बेकार रही है। शनिवार और रविवार को कमाई बढ़ने की बजाय घट गई। इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर शुक्रवार को 1.25 करोड़ रुपये कमाए थे। शनिवार को कमाई घटकर 1.05 करोड़ रुपये हो गई। जबकि रविवार को कमाई महज 97 लाख रुपये थी। अब सोमवार को कमाई का आंकड़ा 30 लाख है। फिल्म किस हद तक पिटी है, इसका अंदाजा घटती कमाई की रफ्तार को देखकर लगाया जा सकता है।

**कंगना को लगातार 8वां झटका**

धाकड़ की बुरी तरह फ्लॉप होना कंगना रनौत के करियर के लिए भी बड़ा झटका है। कायदे से देखा जाए तो साल 2015 में आई तनु वेड्स मनु रिटर्न्स के बाद कंगना की कोई भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर पाई है। इसके बाद रिलीज कट्टी बट्टी, रंगून, सिमरन, मणिकर्णिकाःद क्वीन ऑफ झांसी, जजमेंटल है क्या, पंगा, थलाइवी और अब धाकड़ लगातार 8वां झटका है। इनमें से हर फिल्म का हाल यही रहा कि वह अपनी लागत भी नहीं निकाल पाई।

# 49 साल पुराना सच, जिसपर सभी ने साध रखी है चुप्पी

*रेखा। घने लंबे बाल... गहरी आंखें और लबों के पास काला तिल। जिनकी जिंदगी ऊपर से जितनी हसीन, अंदर से उतनी ही उथल-पुथल से भरी। फिर वो विनोद मेहरा संग शादी के चर्चे हों या फिर अमिताभ बच्चन संग आशिकी की खबरें, रेखा की जिंदगी हमेशा सवालों से घिरी रही, लेकिन सालों पहले उन्होंने इन सब बातों पर चुप्पी तोड़ी थी। आइये जानते हैं कि 49 साल पुराने सच के बारे में।*



**विनोद मेहरा संग शादी पर रेखा का रिएक्शन**

रेखा और विनोद मेहरा। 70 के दशक में विनोद मेहरा ऐसे ऐक्टर थे, जिन्हें देखने के लिए लोग तरसते थे। एक तरफ जहां उनकी फिल्में पसंद की जा रही थीं तो दूसरी तरफ उनकी निजी जिंदगी भी चर्चा में थी। बताया जाता है कि रेखा और विनोद रिलेशनशिप में थे। ये भी दावा किया जाता है कि 1973 में दोनों ने शादी भी की थी। जब ये सवाल रेखा से पूछा गया तो वो चौंक गईं। उन्होंने इससे साफ इनकार करते हुए कहा था कि ये सच नहीं है। उन्होंने कहा, कोई भी कुछ भी बोल सकता है। मेरे लिए ये जरूरी नहीं है, इसलिए मैं इस पर कुछ भी कहना नहीं चाहूंगी।श उन्होंने आगे कहा, वो हमेशा मेरे शुभचिंतक रहे और वो मेरे बहुत बहुत करीब थे।

**अमिताभ बच्चन संग जुड़ा नाम**

वैसे तो रेखा जब 1 साल की थीं, तभी ऐक्टिंग की दुनिया में कदम रख लिया था, लेकिन जब वो 13 साल की हुईं, तब पूरी तरह से काम करना शुरू कर दिया था, क्योंकि उनकी मिली की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, इसलिए वो दिन-रात काम में जुटी रहीं। उनका सबसे ज्यादा नाम अमिताभ बच्चन से जोड़ा गया। इन दोनों के बारे में दुनियाभर की कहानी बनाई गई, लेकिन रेखा ने बताया था कि सच क्या है।

**बेइंतहा मोहब्बत करती थीं रेखा**

रेखा ने सरेआम कुबूल किया था कि वो अमिताभ बच्चन से सबसे ज्यादा मोहब्बत करती थीं। दोनों की पहली मुलाकात पहली फिल्म दो अनजाने (1976) में हुई थी। रेखा ने बताया था कि वो अमिताभ से सीनियर थीं, लेकिन उनके सामने ऐक्टिंग करते समय वो नर्वस हो जाती थीं। वो उनके काम से बहुत प्रभावित थीं। एक बार तो वो अपनी लाइन याद नहीं कर पा रही थीं तो अमिताभ ने उनसे कहा था, सुनिये कम से कम डायलॉग याद कर लीजिएगा।

# Almond peels को कचरा समझकर फेंकने की न करें गलती

*बादाम भले ही सब न खाते हो लेकिन इसे खाने के फायदे लगभग सब जानते हैं। घरों में बादाम को रातभर फूलाने के बाद इसे छिलकर खाना बहुत पुराने समय से चलता आ रहा है। बादाम में प्रचुर मात्रा में फाइबर, प्रोटीन, विटामिन ई, कैल्शियम और जिंक होता है, जो ब्रेन, आंखों, हड्डियों और शरीर को पोषण देकर उन्हें हेल्दी बनाते हैं। आमतौर पर याददाश्त को तेज करने के लिए बादाम खाने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा, बादाम खाने से हार्ट, डायबिटीज, कमजोरी और सांस से जुड़ी परेशानियां भी कम होती हैं।*



क्या आप जानते हैं, बादाम के छिलकों में भी इसके तरह ही पौष्टिक तत्व पाएं जाते हैं? अगर आप रोज बादाम के छिलकों को कचरा समझकर फेंकने की गलती करते आ रहें हैं, तो जान लीजिए– बादाम के छिलकों में इसके तरह ही विटामिन, मिनरल्स और एंटीओक्सीडेंट पाया जाता है। इसका सेवन स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि बालों और त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है।

**छिलकों को फेंकने की न करें गलती**

एक्सपर्ट मानते हैं कि बादाम को फुलाने के बाद छिलकों के साथ भी खाया जा सकता है। इसमें बादाम के तरह ही कई पोषक तत्व पाएं जाते हैं, जो स्वास्थ के लिए फायदेमंद होता है।

**यूं मिनटों में होगा पेट साफ**

बादाम की भूरी त्वचा फाइबर और फ्लेवोनोइड्स से भरपूर होती है जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देती है। एक प्राकृतिक रेचक के रूप में काम करता है जो पेट को आसानी से साफ करने में मदद करता है। बादाम के छिलकों को अलसी, खरबूजे के बीज और मिश्री के साथ पीसकर गर्म दूध के साथ लें सकते हैं।

**त्वचा को बनाता है बेदाग**

बादाम की तरह ही इसके छिलके भी आपकी त्वचा को हेल्दी बनाने में उपयोगी होते हैं। बेदाग त्वचा के लिए 1 कप बादाम के छिलके को धूप में सुखा लें, इसे 1/4 कप रोल्ड ओट्स, 1/4 कप बेसन और 1/2 कप कॉफी के साथ पीसकर दही के साथ मिला कर लगाएं। कुछ ही दिनों में इसका असर दिखने लगेगा।

**बालों को रखता है हेल्दी**

बादाम के छिलकों में विटामिन–E प्रचुर मात्रा में पाया जाता है जो बालों को हेल्दी रखने के लिए जरूरी है। इसे अंडे, नारियल के तेल और एलोवेरा जेल के साथ हेयर मास्क के रूप में लगाने से बालों में चमक और मजबूती दोनों बनी रहती है।



## खुद के मोटे–मोटे हाथ देख आपको भी स्लीवलेस पहनने में आती है शर्म

चिलचिलाती गर्मी ने हम सभी का हाल बेहाल कर रखा है। इन दिनों लोग किसी भी तरह गर्मी को कम करने के तरीके ढूंढ रहे हैं। इन दिनों पूरी यहां तक की आधी बाजू की टी–शर्ट पहनना भी लोगों के लिए असहनीय हो रहा है। ऐसे में कुछ स्लीवलेस पहनना अच्छा विकल्प है। हालांकि, कुछ लोगों को बिना आस्तीन की टीशर्ट या टॉप पहनने में मुश्किल हो सकती है। खासतौर से महिलाएं गर्मियों में स्लीवलेस पहनना चाहती हैं, लेकिन वह चाहकर भी ऐसा नहीं कर पातीं। इसकी वजह है उनके बाजुओं में बढ़ती चर्बी। जी हां, बाजुओं की चर्बी इतनी खराब दिखती है, कि महिलाओं को स्लीवलेस पहनना गवारा नहीं होता। वैसे पेट और जांघ की चर्बी की तरह बाजुओं की चर्बी को कम करना काफी मश्किल होता है। इसके लिए बहुत प्रयास और व्यायाम करना होता है। हालांकि, निरंतरता और समर्पण के साथ निश्चित रूप से टोन्ड आर्म्स हासिल किए जा सकते हैं। बाइसेप कर्ल करने के लिए अपने हाथ में डंबल के साथ बाहों को फैलाते हुए खड़े हो जाएं।

## पैरों में सबसे पहले दिखाई देने लगते हैं इस कैंसर के लक्षण

कैंसर सबसे घातक बीमारियों में से एक है। ऐसा नहीं है कि केवल गुटखा, तंबाकू खाने वालों को ही कैंसर होता है। एक स्वस्थ व्यक्ति भी कभी भी कैंसर का शिकार हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कैंसर दुनियाभर में मौत का एक मुख्य कारण है। इसे सन् 2020 में हुई 10 मिलियन मौतों के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। यह असामान्य कोशिकाओं के विकास से जुड़ी एक क्रॉनिक डिसीज है जो विभिन्न अंगों या ऊतकों में असामान्य रूप से बढ़ने और विभाजित होने लगती है और एक ट्यूमर बना लेती है । कैंसर शरीर के किसी भी हिस्से में विकसित हो सकता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि कैंसर अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं की संभावना को बढ़ाकर बदले में शरीर के विभिन्न हिस्सों में दर्द का कारण भी बन सकता है। इसमें पैरों का दर्द भी शामिल है, जो पैंक्रियाटिक कैंसर की निशानी है। हालांकि अगर इस कैंसर का निदान जल्द से जल्द हो जाए, तो इलाज संभव है। इसलिए हर व्यक्ति को नियमित रूप से जांच करानी चाहिए। इसे फैलने से बचने के लिए इसके संकेतों और लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी है।

## पहले बुखार फिर शरीर पर बड़े–बड़े दाने, मंकीपॉक्स के गंभीर लक्षण



मंकीपॉक्स का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। कोरोना वायरस महामारी के संकट के बीच इस खतरनाक बीमारी ने दुनियाभर में चिंता पैदा कर दी है। बताया जा रहा है कि यह रोग 12 से ज्यादा देशों में फैल गया है और अब तक इसके 100 से ज्यादा पुष्ट मामले हो चुके हैं। हालांकि इससे अब तक किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के अनुसार, मंकीपॉक्स वायरस एक ऑर्थोपॉक्सवायरस है जो चेचक की तरह है। चेचक की तरह इसके लक्षण भी हल्के ही होते हैं। मंकीपॉक्स एक जूनोसिस है। इसका मतलब यह है कि यह एक ऐसी बीमारी है, जो जानवरों से मनुष्यों में फैलती है। मंकीपॉक्स के मामले अधिकतर उष्णकटिबंधीय वर्षावनों के करीब पाए जाते हैं, जहां ऐसे जानवर होते हैं, जो वायरस ले जाते हैं। गिलहरियों, गैम्बियन शिकार चूहों, डॉर्मिस, बंदरों की विभिन्न प्रजातियों और अन्य सहित जानवरों में मंकीपॉक्स वायरस के संक्रमण के साक्ष्य पाए गए हैं। मंकीपॉक्स में सबसे पहले बुखार होता है और इसके बाद मरीज को शरीर पर चेचक की तरह हो सकते हैं। इसके अलावा लिम्फ नोड में सूजन हो सकती है। इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि मंकीपॉक्स चेचक, खसरा, जीवाणु त्वचा संक्रमण, खुजली और दवा से संबंधित एलर्जी जैसी अन्य बीमारियों से अलग है।

# अंदर ही अंदर इन बीमारियों से तड़पती रहती हैं सभी लड़किया

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*हेल्थ प्रॉब्लम की बात करें, तो कई बीमारियों का खतरा पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक होता है। कई ऐसी समस्याएं हैं, जिनका सिर्फ महिलाओं को सामना करना पड़ता है। समस्या यह है कि महिलाएं अपनी बीमारियों को छिपाने की बहुत कोशिश करती हैं। ऐसा माना जाता है कि 4 में से लगभग 3 महिलाएं डॉक्टर के पास जाने से बचती हैं क्योंकि या तो वो शर्माती हैं या समस्या को छोटा समझकर नजरअंदाज कर देती हैं।*

28 मई को इंटरनेशनल विमेंस हेल्थ डे मनाया जाएगा। इस अवसर पर गाजियाबाद स्थित मैक्स अस्पताल में कंसल्टेंट्स गायनोकोलॉजिस्ट डॉक्टर रेखा सरीन के अनुसार, महिलाओं को होने वाली कुछ ऐसे रोग हैं, जिन्हें अक्सर तब तक नजरअंदाज कर दिया जाता है, जब तक कि वे बड़ी स्वास्थ्य समस्याएं नहीं बन जाते। अगर आप हेल्दी एंड फिट रहना चाहती हैं, तो आपको समय रहते इनका इलाज कराना चाहिए।

**स्पॉटिंग की समस्या**

Menstrual cycle के दौरान स्पॉटिंग को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह ओवेरियन सिस्ट, बर्थ कंट्रोल पिल्स छोड़ने या यहां तक कि तनाव के कारण भी हो सकता है। इससे बचने के लिए गर्म पानी से नहाएं, मालिश करें और बेवजह यह समस्या हो रही है, तो गायनोकोलॉजिस्ट से बात करें।

**योनिशोथः** यह एक प्रकार की सूजन है जो खुजली, गंध, डिस्चार्ज और दर्द का कारण बन सकती है। इसके कई कारण हो सकते हैं।



टैम्पोन, साबुन और लुब्रिकेंट इसका कारण बन सकते हैं। खुशबू वाले उत्पादों का उपयोग कम करें और नैचुरल साबुन से धीरे से धोएं।

**सिस्ट का खतरा**

आमतौर पर सिस्ट समय के साथ दूर हो जाते हैं। वुल्वर सिस्ट बाहरी त्वचा पर दिखाई देते हैं, जबकि वैजाइनल सिस्ट आंतरिक योनि की दीवार पर दिखाई देते हैं। इसके लिए सबसे अच्छा घरेलू उपाय सिट्ज बाथ है। इन्फेक्शन बढ़ने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना न भूलें।

**टाइट-सिंथेटिक अंडरवियर से होने वाला इन्फेक्शन**

बेशक सिल्की पैंटीज प्यारी होती हैं, लेकिन यह पता चला है कि टाइट अंडरगारमेंट्स पहनने से घर्षण और गर्मी हो सकती है, जिससे बैक्टीरिया पैदा हो सकता है और इन्फेक्शन का खतरा बढ़ सकता है।

**सूखापन के कारण होने वाली बेचैनी**

जननांग में सूखेपन की वजह से होने वाली परेशानी किसी भी लड़की के लिए दुखदायी है। यह अजीब सूखापन एक हार्मोनल असंतुलन, रजोनिवृत्ति, प्रसव या स्तनपान के कारण हो सकता है।

**इन समस्याओं का भी है खतरा**

केमिकल वाले प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल के बाद जननांग में इन्फेक्शन का खतरा और जननांग की किसी भी बुरी स्मेल, एसटीआई या एसटीडी के लक्षण, ingrown hairs की वजह से होने वाली समस्या और vulvodynia का खतरा आदि को कभी नजरअंदाज न करें।



## चयन नहीं, प्रदर्शन के बारे में सोचता हूं :मोहसिन खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुबंई। लखनऊ सुपरजाइंट्स के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने बताया कि उनके बड़े भाई ने उन्हें क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित किया और उनका साथ दिया। मोहसिन घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं और संयोग कुछ ऐसा रहा कि आइपीएल में भी उन्हें लखनऊ टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। मेरे बड़े भाई यूपी पुलिस टीम के लिए क्रिकेट खेलते थे। उन्होंने ही मुझे बोला कि तुम भी अभ्यास किया करो यह अच्छा रहेगा। वह मुझे खेलते हुए देखते थे। सबसे अच्छी चीज तो यह है कि मेरे मम्मी–पापा ने हमेशा से मेरा बहुत समर्थन किया है। संघर्ष की बात करूं तो अंडर–16 खेलने के बाद मैं चोटिल हो गया था, वो एक–दो साल मेरे जीवन के लिए काफी कठिन थे। उस दौरान मेरे माता–पिता और भाई ने मेरा काफी साथ दिया। यह सभी लोग कहते थे कि एक दिन तुम खेलोगे। लखनऊ सुपरजाइंट्स से जुड़कर काफी अच्छा महसूस हो रहा है क्योंकि यह मेरी स्थानीय टीम है। मैं भी उत्तर प्रदेश से हूं और यह टीम पहली बार आइपीएल में उतरी और हमने प्लेआफ के लिए क्वालीफाई किया।

**यूपी के लोग मुझे देखते होंगे**

मैं काफी खुश हूं। नीलामी से पहले भी सोच रहा था कि मेरा चयन लखनऊ की टीम में हो जाए और हुआ भी ऐसा ही। मैं काफी खुश हूं क्योंकि मैं अपनी स्थानीय टीम से आइपीएल टीम में आया हूं। मुझे अच्छा लगा कि मैं इस टीम के लिए खेल रहा हूं और मैं सोचता हूं कि यूपी के लोग मुझे देखते होंगे। मेरे दिमाग में ऐसा कुछ नहीं रहता है कि चयनकर्ताओं की नजर मेरे ऊपर है। मैं सिर्फ यही सोचता हूं कि जैसा मेरा प्रदर्शन चल रहा है, आगे भी वैसा ही चलता रहे।

# पहले दिन नहीं मिला था खरीददार अब किलर बने डेविड मिलर

**क्रिकेट**

### गुजरात टाइटंस आईपीएल 2022 के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। गुजरात टाइटंस आईपीएल 2022 के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। लीग के पहले क्वालिफायर में गुजरात ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हराया। टीम की इस जीत में दक्षिण अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाज डेविड मिलर ने अहम योगदान दिया। उन्होंने 38 गेंदों पर 68 रनों की पारी खेली। गुजरात को आखिरी ओवर में 16 रनों की जरूरत थी। मिलर ने पहली तीन गेंदों पर तीन छक्के लगाकर गुजरात को फाइनल में पहुंचा दिया।

**नीलामी के पहले दिन रहे अनसोल्ड**


आईपीएल 2022 में धमाल मचा रहे डेविड मिलर नीलामी के पहले दिन अनसोल्ड रहे थे। पिछले सीजन के बाद राजस्थान रॉयल्स ने मिलर को रिलीज कर दिया था। 32 साल के बाएं हाथ के बल्लेबाज मिलर की बेस प्राइस एक करोड़ थी। लेकिन किसी भी टीम ने उन्हें खरीदने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। पहले दिन अनसोल्ड रहने के बाद दूसरे दिन उन्हें गुजरात टाइटंस ने अपनी टीम में शामिल किया।

**राजस्थान से मिली थी टक्कर**

पहले दिन भले ही राजस्थान रॉयल्स ने डेविड मिलर को खरीदने के लिए बोली नहीं लगाई, लेकिन दोबारा नाम आने पर सबसे पहले राजस्थान ने ही बोली लगाई थी। इसके बाद गुजरात टाइटंस भी उन्हें खरीदने की रेस में शामिल हो गई। अंत में गुजरात टाइटंस ने 3 करोड़ रुपये में इस बल्लेबाज को अपने साथ शामिल किया। 15 मैच में मिलर के बल्ले से 64 की औसत और 141 की स्ट्राइक रेट से 449 रन निकले हैं।

**कभी मिलते थे 12.5 करोड़:** डेविड मिलर ने पंजाब किंग्स (तब किंग्स इलेवन पंजाब) के लिए 2012 में आईपीएल डेब्यू किया था। 2013 में नाबाद शतक लगाने के बाद 2014 की मेगा नीलामी से पहले पंजाब ने उन्हें 12.5 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। 2015 से लगातार उनका प्रदर्शन खराब होने लगा। 2018 की नीलामी में पंजाब ने आरटीएम का इस्तेमाल कर मिलर को 3 करोड़ में अपने साथ शामिल किया। 2019 में रिलीज किए जाने के बाद राजस्थान ने उन्हें सिर्फ 75 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था।

## विराट कोहली के बार–बार समझाने पर भी बाज न आया फैन



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर आईपीएल 2022 के एलिमिनेटर के लिए तैयार है। बुधवार की शाम कोलकाता के ईडन गार्डन्स पर टीम की भिड़ंत लखनऊ सुपर जायंट्स से हुई। मुंबई इंडियंस की दिल्ली कैपिटल्स पर मिली जीत के बाद आरसीबी को प्लेऑफ का टिकट मिला था। एलिमिनेटर से पहले आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने भी लय हासिल कर ली है। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी लीग मैच में शानदार फिफ्टी लगाई थी।

**विराट कोहली का वीडियो वायरल:** एलिमिनेटर से पहले विराट कोहली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसमें विराट प्रैक्टिस से पहले गार्ड पहन रहे हैं। इस दौरान कोई उनका वीडियो रिकॉर्ड कर रहा था। जिसपर पूर्व कप्तान कोहली उसे इशारा करते हुए बता रहे है कि वह एल–गार्ड पहन रहे हैं। इसी वजह से वह वीडियो शूट नहीं करे। हालांकि इसके बाद भी वीडियो शूट करने वाला व्यक्ति बाज नहीं आया तो विराट दूसरी तरह मुड़ जाते हैं।

**उम्मीद के अनुरूप नहीं चला बल्ला:** आईपीएल 2022 में विराट कोहली उम्मीद के अनुरुप खेल नहीं दिखा पाए हैं। कप्तान छोड़ने के बाद उनपर से दबाव कम हुआ है और फैन इसकी वजह से उम्मीद कर रहे थे कि विराट खुलकर खेलेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इस सीजन में तीन बार तो वह खाता भी नहीं खोल सके, दो बार तो वह पहली ही गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने 14 मैच में दो फिफ्टी लगाई है और दोनों गुजरात के खिलाफ ही बना सके हैं।

**एलिमिनेटर में बड़ी पारी की उम्मीद:** विराट कोहली से उनकी टीम और फैंस को एलिमिनेटर में धमाकेदार पारी की उम्मीद होगी। दिल्ली पर मुंबई की जीत से आरसीबी जरूर प्लेऑफ में पहुंच गई है, लेकिन अब उसे खुद ही कमाल करना होगा।

## हार के 5 विलेन, जिन्होंने कराई राजस्थान की फजीहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। गुजरात टाइटंस ने आईपीएल–2022 के पहले क्वॉलिफायर में राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हराते हुए फाइनल में एंट्री ले ली। रॉयल्स के 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस ने मिलर (नाबाद 68) और पंड्या (नाबाद 40) के बीच चौथे विकेट की 106 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत तीन गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 191 रन बनाकर जीत दर्ज की।

ओबेड मैकॉय डेथ ओवर्स के स्पेशलिस्ट बॉलर माने जाते हैं। बड़ा मैच हो तो ऐसे खिलाड़ियों से अतिरिक्त प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है, लेकिन उन्होंने इस मैच में सिर्फ 4 ओवरों में ही 40 रन खर्च किए। अश्विन बड़े मैचों के खिलाड़ी हैं। उन्होंने भी 40 रन लुटाए। प्रसिद्ध भी कहीं से भी रणनीति के तहत बॉलिंग करते नहीं दिखे। यशस्वी जायसवाल का बल्ला पिछले कुछ मैचों से खूब रन बरसा रहा था, लेकिन ऐन वक्त पर फेल हो गया। पर्पल कैप धारी युजवेंद्र चहल ने अभी तक टूर्नामेंट में 26 विकेट झटके हैं, लेकिन वह इस मुकाबले में पूरी तरह फ्लॉप रहे।

## न्यूज डायरी



### वीरेंद्र सहवाग का खुलासा, कैसे कुंबले ने उनका और हरभजन का करियर बचाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुबंई। देश के अब तक के सबसे महान टेस्ट सलामी बल्लेबाजों में से एक वीरेंद्र सहवाग ने 2008 के ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर भारत टेस्ट टीम में पूर्व कप्तान अनिल कुंबले की भूमिका का खुलासा किया और उन्हें अपने करियर को फिर से पटरी पर लाने का श्रेय दिया। सहवाग खराब फॉर्म से गुजर रहे थे और लगभग 50 के औसत के बावजूद दिल्ली के पूर्व बल्लेबाज को भारतीय टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था। जनवरी 2007 में अपना 52वां टेस्ट खेलने के बाद सहवाग ने 2008 में ऑस्ट्रेलिया में अपना 53वां टेस्ट खेला था। सहवाग ने एक इंटरव्यू में स्वीकार किया, 'अचानक, मुझे एहसास हुआ कि मैं टेस्ट टीम से बाहर हो रहा हूं, इससे मुझे दुख हुआ।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं 10,000 से अधिक टेस्ट रन बनाता, अगर मुझे उस समय बाहर नहीं किया जाता।' 2007–08 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के लिए सहवाग को टेस्ट टीम में शामिल करने से कई लोगों को हैरानी हुई।

### रनआउट होने के बाद अश्विन पर झल्ला उठे रियान, नहीं आ रहा बर्ताव में सुधार!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज रियान पराग अपने बर्ताव को लेकर सोशल मीडिया के निशाने पर रहते हैं। इस सीजन कई बार मैदान पर उनके बर्ताव फैंस को पसंद नहीं आया। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के मुकाबले में रियान की भिड़ंत हर्षल पटेल से हो गई थी। इसके बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान उन्होंने अंपायर के फैसले के खिलाफ चिढ़ाने के एक्शन किया था। अब एक बार फिर रियान अपने बर्ताव को लेकर चर्चा में हैं। इस बार रियान पराग अपने टीम के सीनियर खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन पर झल्ला गए। दरअसल घटना 20वें ओवर की है। 5वीं गेंद नो–बॉल थी और इसपर जोस बटलर रन आउट हो गए। अंतिम गेंद पर रविचंद्रन अश्विन क्रीज पर थे। यश दयाल ने वाइड गेंद फेंकी और नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े रियान पराग सिंगल लेने के लिए भाग पड़े। लेकिन अश्विन अपने क्रीज में ही खड़े रहे। दुनिया के सबसे सफल स्पिनर गेंदबाजों में शामिल रविचंद्रन अश्विन पर 20 साल के रियान पराग का गुस्सा देखने लायक था।

### राजस्थान अब भी ले सकता है गुजरात से बदला, ऐसे मिलेगा फाइनल का टिकट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुबंई। आईपीएल में पहली बार खेल रही गुजरात टाइटंस की टीम को लक्ष्य का पीछा करना पसंद है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल के प्लेऑफ में टीम ने यही किया और टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। राजस्थान ने ओपनर जोस बटलर (89 रन, 56 गेंद, 12 फोर, 2 सिक्स) की धुआंधार पारी से छह विकेट पर 188 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लेकिन, गुजरात ने डेविड मिलर (68 रन, 38 गेंद, 3 फोर, 5 सिक्स) और कप्तान हार्दिक पंड्या (40' रन, 27 गेंद, 5 फोर) की ताबड़तोड़ पारी से तीन गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली। गुजरात को आखिरी ओवर में जीत के लिए 16 रन चाहिए थे। मिलर ने शुरुआती तीन गेंदों पर ही तीन सिक्स लगाकर टीम को फाइनल में पहुंचा दिया। रोचक बात यह है कि टीम के पास अब भी फाइनल में पहुंचने का मौका है।

### यूपी के रणजी खिताब के लिए राह आसान बनाएंगे कुलदीप और भुवनेश्वर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कानपुर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) की ओर से आयोजित सबसे बड़ी घरेलू श्रृंखला रणजी के नाकआउट मुकाबलों की शुरुआत छह जून से बेंगलुरू में हो रही है। यहां उप्र, कर्नाटक के खिलाफ जीत हासिल कर वर्ष 2005–06 से चले आ रहे रणजी खिताब के सूनेपन को खत्म करने का प्रयास करेगी। कर्नाटक के खिलाफ होने वाले नाकआउट मैच में उप्र से भारतीय टीम के चाइनामैन कुलदीप यादव और तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को टीम में शामिल किया जा सकता है। इसके लिए यूपीसीए योजना बना रहा है।

पेज थ्री
देहरादून

# हमारा दून

देहरादून, बृहस्पतिवार, 26 मई 2022




विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की 113.34 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास करते हुए सीएम।

## संक्षिप्त समाचार

### आवासीय स्पेयर हैड प्रशिक्षण 26 मई से

**संवाददाता** देहरादून। जिला युवा अधिकारी एम टोलिया ने अवगत कराया है कि नेहरू युवा केन्द्र, देहरादून, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में 26 मई से 01 जून तक रूलक सभागार राजपुर रोड देहरादून में नमामि गंगे परियोजना के अन्तर्गत 50 युवाओं की जिला स्तरीय आवासीय स्पेयर हैड प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ 26 मई को 11.30 बजे पूर्वाहन में क्षेत्रीय विधायक खजान दास पदमश्री अवधेश कौशल एवं राज्य निदेशक, नेहरू युवा केन्द्र संगठन उत्तराखण्ड उमेश साहनी के द्वारा किया जाएगा।

### यूकेडी के विरोध के चलते एफआरआई की भर्ती निरस्त

**संवाददाता** देहरादून। फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट देहरादून में एमटीएस के पदों पर हुई भर्तियां निरस्त हो गई हैं। गौरतलब है कि भर्ती घोटाले की भनक लगते ही उत्तराखंड क्रांति दल ने यूकेडी नेता शिव प्रसाद सेमवाल के नेतृत्व में जमकर विरोध प्रदर्शन किया था तथा भर्ती को निरस्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की भी मांग की थी। इसका संज्ञान लेते हुए फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ने यह भर्तियां कैंसिल कर दी हैं।
फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ने अभ्यर्थियों को हुई असुविधा के लिए भी खेद व्यक्त किया है।

### पत्नी ने की प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या, गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। थाना रायवाला क्षेत्र में दो सप्ताह पूर्व हुई एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। हत्या के आरोप में उसकी पत्नी और प्रेमी को गिरफ्तार किया गया है। घटना के रोज इस व्यक्ति की मौत को उसकी पत्नी ने बीमारी के कारण होना बताया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच के बाद इस बात का खुलासा हुआ कि इस व्यक्ति की मौत स्वाभाविक नहीं थी, बल्कि हत्या थी। बुधवार की सुबह दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### भारतीय संस्कृति सम्पूर्ण विश्व को बनाएगी संस्कारवानः भारती

**संवाददाता** देहरादून। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा वाराणसी, उत्तर प्रदेश में 'श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कथा संस्थान द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक प्रकल्प बोध (नशा उन्मूलन अभियान) को समर्पित है। इस महान ज्ञानयज्ञ का शुभारम्भ मंगल कलश यात्रा से किया गया। कथा के प्रथम दिवस भागवताचार्या महामनस्विनी विदुषी आस्था भारती ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें इस पवित्र नगरी में आने का सुअवसर मिला है।

# स्मार्ट सिटी योजना को बनाया जाय व्यवहारिक

**समीक्षा**

- कैबिनेट मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल ने स्मार्ट सिटी के सम्बन्ध में विधान सभा में बैठक ली
- विभिन्न योजनाओं से नागरिकों को लाभान्वित करने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल द्वारा शहरी विभाग के अन्तर्गत देहरादून स्मार्ट सिटी के सम्बन्ध में विधान सभा में बैठक ली। विधायक धर्मपुर विनोद चमोली, विधायक राजपुर खजान दास, विधायक कैंट सविता कपूर, मेयर सुनील उनियाल गामा की उपस्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में मंत्री ने आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी योजना को व्यवहारिक बनाया जाय। उन्होने स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं से नागरिकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। बैठक में निर्देश दिया गया कि विभिन्न योजना को कितने नागरिक उपयोग कर रहे है, इस सम्बन्ध में डाटा उपलब्ध



कराया जाय और इस सम्बन्ध में नागरिकों को जागरूक किया जाय। उन्होने स्मार्ट सिटी का आधुनिकीकरण और उच्चीकरण करने का निर्देश दिये। इस मिशन में 24 धण्टे बिजली, पानी और सालिड बेस्ट मैनेजमेन्ट की सुविधा दी जायेगी।
अभी तक स्मार्ट स्कूल, वाटर एटीएम, ई कलक्टेट, इन्टीग्रेटेड कन्ट्रोल कमाण्ड सिस्टम परियोजना पूर्ण हो चुकी है तथा डीआईसीसी के माध्यम से 500 सीसीटीवी कैमरो, स्मार्ट टायलेट, दून लाईब्रेरी, स्मार्ट जल आपूर्ति संर्वद्धन का कार्य चल रहा है। घण्टा घर से दिलाराम चौक, बहल चौक से आराधार, प्रिंस चौक से आराघर, घण्टा घर से किसान नगर मार्ग पर स्मार्ट सिटी के प्रस्तावित कार्य चल रहे है। यहॉ पर मल्टी यूटीलिटी डक, ड्रैनेज, सीवर और जल आपूर्ति के कार्य होने है।
उन्होने कहा कि पलटन बाजार में पैदल यात्रीकरण में 49 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत 10 इलेक्ट्रानिक बसों का संचालन किया जा रहा है तथा 05 बसों का संचालन जून से प्रथम सप्ताह तक शुरू किया जायेगा।

मंत्री ने कहा कि शहरी विकास विभाग द्वारा सफाई की 42 मशीनें नगर निगम को उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होने कहा कि 206 टयूबबैल को अपग्रेड किया जा रहा है। नगर निगम को 02 जटायु मशीन, 02 स्वीपिंग मशीन, 01 कॉम्पैक्टर, 02 ड्रैन क्लीनिंग मशीन, उपल्बध कराई गयी है। 02 कॉम्पैक्टर, 20 हाकर टीपर, 20 ई कार्टेज, की मशीने 05 जून तक दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होने बताया कि स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत कार्य कर रही एजेन्सी के ठेकेदार की लापरवाही के कारण उन पर एफ आई आर दर्ज की गई है। स्मार्ट सिटी के समस्त कार्यो की आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर बैठक में विधायक धर्मपुर विनोद चमोली, विधायक राजपुर खजान दास, विधायक कैंट सविता कपूर, मेयर सुनील उनियाल गामा, आयुक्त गढवाल सुशील कुमार, जिलाधिकारी/सीईओ स्मार्ट सिटी देहरादून आर राजेश कुमार तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### स्मार्ट पोल का कार्य दिसम्बर 2022 तक पूर्ण करने के निर्देश

पीपीपी मोड पर स्मार्ट पोल का कार्य दिसम्बर 2022 तक पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियो को दिये।
स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत परेड ग्राउण्ड में जो कार्य किये जा रहे है वहॉ 30 प्रतिशत पूर्ण हो चुके है।

# कम्युनिकेशन और इन्फोर्मेशन के लिए तैयार किया जाए प्लान

**बैठक**

- सीएस ने चारधाम के सम्बन्ध में सम्बन्धित जनपदों के डीएम के साथ की बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा के सम्बन्ध में सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश



दिए। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को भीड़ प्रबन्धन हेतु श्रद्धालुओं को विभिन्न स्थानों पर रोके जाने के निर्देश दिए, साथ ही आवश्यकता के अनुसार फिजिकल बैरियर भी लगाए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिलाधिकारियों को कैरिंग कैपेसिटी से अधिक लोगों को आगे न जाने देने की बात भी कही। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को अपने अपने स्तर पर लोकल प्लान बनाते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही कम्युनिकेशन और इन्फोर्मेशन के लिए प्लान तैयार किया जाए कि चारधाम परिसर में कैरिंग कैपेसिटी फुल होने के बाद व्यवस्थित तरीके से श्रद्धालुओं को निचले पढ़ावों में रोका जा सके।

मुख्य सचिव ने कहा कि बारिश और बर्फबारी से श्रद्धालुओं को बचाने हेतु शेड आदि की भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने चारों धामों में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही कूड़ा निस्तारण और इसकी लगातार मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। कूड़ा निस्तारण, बिजली, पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं हेतु कार्यदायी संस्थाओं द्वारा अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वहन किया जा रहा है या नहीं इसके लिए थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की जाए या अलग से सोर्स ऑफ इनफॉर्मेशन विकसित किया जाए ताकि सही जानकारी मिल सके।

### मुख्य सचिव ने सेंटर आफ एक्सीलेंस की तर्ज पर कार्य करने के दिए निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु की अध्यक्षता में उत्तराखण्ड प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि प्रबन्धन और योजना प्राधिकरण (उत्तराखण्ड कैम्पा) की संचालन समिति की बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को फॉरेस्ट फायर पर विशेष ध्यान देते हुए प्रदेश को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तर्ज पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फॉरेस्ट फायर प्रोटेक्शन कार्यों के लिए वन पंचायतों का सुदृढ़ीकरण किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि इस योजना के तहत प्राकृतिक वनों के संरक्षण एवं जल श्रोतों के संवर्द्धन, वन्य जीवों के प्राकृतिक आश्रय स्थल के संरक्षण, पारस्थितिकीय संतुलन एवं पर्यावरण सेवाओं की उपलब्धता में वृद्धि के प्रयासों पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। इससे पर्यटकों को प्रदेश ने एडवेंचर टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।